**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 20.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पांचवें दिन आज वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि तथा साझा रोडमैप की रूपरेखा की जाएगी तैयार।**
2. **झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन, सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट किया जाएगा पेश।**
3. **झारखंड समेत 22 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अप्रैल से होगा शुरू, निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी करने का दिया निर्देश।**
4. **हजारीबाग पुलिस ने चट्टी बरियातू कोल परियोजना को लेकर धरना दे रहे पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी समेत सात लोगों को लिया हिरासत में।**
5. **कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने उत्तर प्रदेश को बड़े अंतर से हरा कर जीत से की शुरुआत।**
6. 

**************************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन जारी है। शिखर सम्मेलन के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा साझा घोषणा पत्र अपनाया जाएगा जिसमें वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की रूपरेखा शामिल होगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी–जीपीएआई परिषद की बैठकें होंगी। साथ ही सदस्य देश जिम्मेदार और समावेशी एआई पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में वैश्विक जनहित के लिए एआई के प्रति सामूहिक संकल्प विकसित करने का आह्वान किया।

**************************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। सदन में आज वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत प्रश्नकाल से होगी, जिसमें सदस्य जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेंगे। प्रश्नकाल के बाद कार्यसूची के अनुसार वित्तीय कार्यवाही संपन्न की जाएगी। तृतीय अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों के लिए अतिरिक्त राशि की मांग प्रस्तुत की जाएगी, जिस पर सदन में चर्चा होने की संभावना है।

**************************

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–**एसआईआर** का देशव्यापी अभियान अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश करने जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने झारखंड सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर एसआईआर की तैयारियां शीघ्र पूरी करने को कहा है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया अप्रैल माह से शुरू होने की संभावना है।

**************************

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह जमशेदपुर के मानगो, जुगसलाई और आदित्यपुर क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे नगर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से समर्थन की अपील करेंगे।

**************************

उग्रवाद के उन्मूलन के लिए गठित विशेष बल झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस कल को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। रांची के टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने भव्य परेड की सलामी ली और बल की उपलब्धियों की

सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संयुक्त अभियानों के जरिए बल ने बूढ़ा पहाड़, ट्राई जंक्शन, पारसनाथ, कोल्हान सहित अन्य नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उग्रवादी हिंसा और सक्रियता में आई कमी उत्कृष्ट प्रशिक्षण, समन्वित रणनीति और प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है।

*************************

चतरा जिले के ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि चतरा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। राज्य सरकार इटखोरी महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा क्षेत्र के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी प्रयासरत है।

*************************

हजारीबाग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। केरेडारी थाना क्षेत्र के पगार ओपी अंतर्गत पगार कर्बला गेट के समीप चट्टी बरियातू कोल परियोजना को लेकर चल रहे धरना स्थल से यह कार्रवाई की गई। हिरासत में लिए गए लोगों में रामकुमार दुबे, कीर्तन राम तथा तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस कार्रवाई पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि उनके माता पिता और अन्य रैयतों को पुलिस किस वजह से थाने लाई है यह बताया जाए।

*************************

झारखंड उच्च न्यायालय ने डोरंडा थाना क्षेत्र में कार और बाइक दुर्घटना मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनोज टंडन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की जांच पर फिलहाल रोक लगा दी है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान अदालत ने खुद को पीड़ित बताने वाले युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कथित रूप से उन्मादी पोस्ट जारी करने के मामले को गंभीरता से लिया।

*************************

जमशेदपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि इनके पास से हथियार और नगद रुपए बरामद किए गए है।

*************************

कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के फेज–2 में झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में शानदार जीत दर्ज की है। झारखंड की टीम ने उत्तर प्रदेश को बड़े अंतर से पराजित किया। मैच के दौरान झारखंड की खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार गोल दागे और प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई मौका नहीं दिया।

*************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां** **20.02.2026**

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने बच्चा चोरी की अफवाह को लेकर राजधानी सहित पांच स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं को पहले पन्ने की प्रमुख सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – तीन साल में एक लाख 17 हजार बच्चों ने स्कूल छोड़ा, 11 लाख का पता नहीं।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – केरल की नन्ही बिटिया के अंगदान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा – यह मानवता की मिसाल, झारखंड में अंगदान नीति को करेंगे सुदृढ़।

**हिंदुस्तान** ने लिखा है – कृषि मंत्री ने बजट सत्र में कहा – झारखंड में बाजार समिति के लिए बनेगी नई नियमावली।

और **दैनिक जागरण** की सुर्खी है – रांची समेत देश के 14 विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्री बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश।

**********************